आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 05.12.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- द्वीप समूह के सात स्वदेशी और अद्वितीय उत्पादों को जीआई टैग प्रदान की गई है।
- नौसेना दिवस मनाए जाने के सिलसले में कार्यक्रम आयोजित किए गए।
- श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ और हरित शहर के निर्माण के लिए पर्यावरण अनुकूल पहल की गई है।
- भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य में क्यारी में "कृषि शिक्षा दिवस" मनाया गया।
- द्वीप पर्यटन उत्सव में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए है।

<><><><><><><>

नाबार्ड ने द्वीप समूह के सात स्वदेशी और अद्वितीय उत्पादों की भौगोलिक पहचान टैगिंग की सुविधा प्रदान की है। इनमें निकोबारी चटाई, निकोबारी हट, निकोबारी होड़ी, पडाक लकड़ी, नारियल, वर्जिन नारियल तेल, अंडमान करेन मूसली चावल शामिल हैं। नाबार्ड ने अंडमान निकोबार प्रशासन से प्राप्त समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया है। आदिवासी विकास सहकारी समिति, सहारा महिला विपणन सहकारी समिति, आदिवासी विकास परिषद, भागीदारी प्रशिक्षण और शिक्षण केंद्र ने इस पहल का नेतृत्व किया, जो पूरे द्वीपसमूह के लिए गौरव की बात है। पूरी प्रक्रिया को 'भारत के जीआई मैन' पद्म श्री रजनी कांत के मार्गदर्शन में किया गया था।

<><><><><><><>

भारतीय नौसेना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में कल भारतीय नौसेना द्वारा सामुदायिक आउटरीच गतिविधियों के साथ–साथ कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस वर्ष आयोजित की गई गतिविधियों में वरिष्ठ नागरिकों और लोगों के लिए हार्बर क्रूज़, श्री विजय पुरम और बाहरी द्वीपों पर आगंतुकों के लिए जहाज की सैर कराना, स्थानीय स्कूली बच्चों का एयर स्टेशनों का दौरा और कई अन्य गतिविधियां शामिल हैं।

नौसेना दिवस की पूर्व संध्या पर मरीना पॉइंट पर द्वीपवासियों के लिए बैंड कॉन्सर्ट और नौसेना के जहाजों पर रोशनी की गई। 'युद्ध के लिए तैयार, विश्वसनीय, एकजुट और भविष्य के लिए तैयार, भारतीय नौसेना भारत के समुद्री हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से स्वच्छ और हरित शहर के निर्माण के लिए पर्यावरण अनुकूल पहल की गई है। नवोदय फाउंडेशन, अटल फाउंडेशन, कासा अंडमान और जी आई ज़ेड इंडिया के सहयोग से प्लास्टिक की अदला–बदली, संसाधनों को साझा करना और रंगीन विषय के तहत चार पहलों की शुरूआत की गई है। हाल ही में मरीना रोड पर आयोजित समारोह में नगरपालिका परिषद अध्यक्ष सुदीप राय शर्मा ने इस पहल का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य पूरे शहर में अपशिष्ट प्रबंधन और संसाधन अनुकूलन वातावरण को बढ़ावा देना है। इस पहल के अंतर्गत बर्तन बैंक, विद्युत नवीकरण कार्यक्रम, रेड्यूस, रियूज़, रिसाइकिल केन्द्र और स्प्रेडिंग कलर शामिल है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से इन पहलों का लाभ उठाने की प्रक्रिया के बारे मे बताया गया। ये पहल स्वच्छ भारत मिशन शहर दो दशमलव शून्य के अधीन आता है, जो शहरी अपशिष्ट प्रबंधन पर ध्यान केन्द्रित करता है। नगरपालिका परिषद की ओर से इस पहल के लिए दिशा–निर्देश और जानकारी जल्द ही वेबसाइट पर जारी की जाएगी।

<><><><><><>

भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती के उपलक्ष्य में क्यारी में "कृषि शिक्षा दिवस" मनाया गया। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों के लिए कई कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। कक्षा पांचवीं से आठवीं तक के छात्रों के लिए "ग्रामीण परिदृश्य और कृषि जीवन के आकर्षण और सौंदर्य को प्रदर्शित करें" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा नवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस सिलसिले में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने गाराचरमा परिसर में प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने सजावटी मछली इकाई, मत्स्य संग्रहालय, एकीकृत कृषि प्रणाली, नक्षत्र उद्यान, पशुधन फार्म, माइक्रोप्लॉट्स, औषधीय उद्यान, बागवानी संयंत्र प्रसार इकाई, केंद्रीय उपकरण सुविधा सहित कई सुविधाओं का दौरा किया।

इस अवसर पर भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण के क्षेत्रीय प्रमुख और अतिरिक्त निदेशक वैज्ञानिक–एफ डॉ. लाल जी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में भारत की उन्नति में कृषि की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं से भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत मूल रूप से एक कृषि प्रधान देश है, जिसकी अस्सी प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण कृषि पर निर्भर है।

क्यारी के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कृषि में उपलब्ध व्यापक अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने विद्यार्थियों इस क्षेत्र में करियर बनाने पर विचार करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के दौरे से युवा लाभान्वित होंगे।

<><><><><><><>

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अंडमान प्रदूषण नियंत्रण समिति की ओर से हाल ही में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय था स्वच्छ वायु, हरित पृथ्वी, सतत जीवन की ओर एक कदम। इस अवसर पर वाहनों से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने के बारे मे जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अधिक चले–सुरक्षित ड्राइव करें संदेश के साथ स्टीकर वितरण किया गया। लम्बा लाईन, जोड़ाकिलान, भातुबस्ती और कार्बाइंस कोव में पेट्रोल पम्पों में आने वाले वाहनों पर स्टीकर लगाए गए। इसके अलावा एकल इस्तेमाल में आने वाले प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से भी लोगों को जागरूक किया गया।

<><><><><><><>

द्वीप पर्यटन महोत्सव का आयोजन सत्ताईस से इक्कतीस दिसम्बर तक किया जाएगा। कला और संस्कृति विभाग, सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से श्री विजयपुरम और आस पास के विभिन्न स्थानों तथा बाहरी द्वीपों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। उत्सव में भाग लेने के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन मांगे गए है। इन संगठनों को कम से कम तीन या इससे अधिक कार्यक्रम तैयार कर इसकी जानकारी देने को कहा गया है, ताकि चयन समिति को चयन करने में आसानी हो सके। निर्धारित प्रपत्र सेल्यूलर जेल परिसर स्थित विभाग के कार्यालय के अलावा प्रशासन की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। भरे गए फॉर्म सीधे या मेल के जरिए आज शाम चार बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। सांस्कृतिक संगठनों को कल अंडमान क्लब में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए जी टी टी सुजीत कुमार रॉय से सभी कार्य दिवसों में फोन पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से विभिन्न ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किया जाएगा। आज और कल नमूनाघर ग्राम पंचायत में, दस और ग्यारह दिसम्बर को मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में, बारह और तेरह दिसम्बर को टुसनाबाद ग्राम पंचायत में विशेष आधार शिविर का आयोजन किया जाएगा। सभी से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं।

<><><><><><><>

कल श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान के लिए एम.वी. कैंपबेल बे की निर्धारित यात्रा कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया है। अब इसके स्थान पर जलयान सिंधु कल रात नौ बजे लिटिल अण्डमान के लिए रवाना होगा। जिन यात्रियों के पास एमवी कैंपबेल बे के टिकट हैं, उन्हें सलाह दी गई है कि वे अपने टिकट रदद करा कर पैसे वापस ले सकते हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अण्डमान निकोबार कमान की ओर नौसेना दिवस मनाए जाने के सिलसिले में कार्यक्रमों के आयोजन के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने अपनी बड़ी खबर बनाया है।– द डेली टेलीग्राम्स ने इसे प्रथम पृष्ठ में सचित्र प्रकाशित किया है। द्वीपसमूह के सात स्वदेशी और अनूठे उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किए जाने के समाचार को द्वीप समाचार ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रथम पृष्ठ के उपरी भाग में सचित्र प्रकाशित किया है। द अण्डमान एक्सप्रेस अंगेजी और अण्डमान क्रोनिकल ने भी इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। मुख्य सचिव द्वारा दक्षिणी द्वीपसमूह में ई कार्नर के उदघाटन करने के समाचार को इंफो इंडिया ने प्रमुखता दी है। शोलबे उन्नीस में समुद्र तट सफाई अभियान चलाए जाने के समाचार को इको ऑफ इंडिया ने अंदर के पन्ने में जगह दी है।

<><><><><><><>